भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 452
गुरूवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**आंध्र प्रदेश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना**

**452 श्री बीडा मस्थान राव यादव:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने और लक्जरी रिसॉर्ट और होटल विकसित करने के लिए निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न कदम उठाये जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार की पर्यटन को बढ़ावा देने के राज्य सरकार के प्रयास में वित्तीय सहायता करने की योजना है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) देश में, विशेषकर आंध्र प्रदेश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों या कार्यान्वयनाधीन योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): जी, हां। आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि उन्होंने दिनांक 28.12.2020 के जीओएम सं. 11 वाईएटी एंड सी विभाग के माध्यम से आंध्र प्रदेश पर्यटन नीति 2020-25 लागू की है, जिसमें पर्यटन परियोजनाओं को प्रोत्साहन तथा लक्ज़री रिसॉटर्स और होटलों को प्रोत्साहन देने के लिने विशेष पैकेज दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ताकि पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। पर्यटन मंत्रालय ने अब स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में परिवर्तित किया है। पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की योजना दिशा-निर्देशों

के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। आन्ध्र प्रदेश राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय, घरेलू संवर्धन एवं प्रचार नामक अपनी योजना के अंतर्गत, पर्यटन संवर्धन की संभाव्यता वाले मेलों, उत्सवों और कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन मंत्रालय ने आन्ध्र प्रदेश राज्य सहित देश में घरेलू पर्यटन के संवर्धन के लिए निम्नलिखित पहलें की हैं:

- **मेलों/उत्सवों/कार्यक्रमों का संवर्धन**- आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए मंत्रालय नागरिकों की भागीदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, विश्व पर्यटन दिवस, स्वतंत्रता दिवस और अन्य क्षेत्रीय उत्सवों जैसे विशेष कार्यक्रम/दिवस मनाता है। वर्ष 2023-24 के दौरान आंध्र प्रदेश सहित देश में मंत्रालय द्वारा आयोजित कुछ प्रमुख कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:
- पर्यटन मंत्रालय ने संस्कृति मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय और आंध्र प्रदेश राज्य सरकार के सहयोग से दिनांक 10-12 दिसम्बर 2023 तक विजयवाड़ा में **कृष्णवेणी संगीत नीराजनम** का आयोजन किया । इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह में देश के प्रसिद्ध गायकों और संगीतकारों को एक छत के नीचे लाकर भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध विरासत का जश्न मनाया गया। महोत्सव के दौरान खाद्य एवं शिल्प महोत्सव का भी आयोजन किया गया जिसमें आंध्र प्रदेश के हस्तशिल्प, हथकरघा, क्विजीन और संस्कृति का प्रदर्शन किया गया।
- पर्यटन मंत्रालय भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में **अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम)** का आयोजन करता रहा है। 2014 से 2023 की अवधि के दौरान शिलांग (मेघालय), गंगटोक (सिक्किम), इंफाल (मणिपुर), गुवाहाटी (असम), अगरतला (त्रिपुरा), कोहिमा (नागालैंड) और आइजोल (मिजोरम) में आईटीएम आयोजित किए गए हैं। आईटीएम का पिछला अर्थात 11वां संस्करण शिलांग (मेघालय) में आयोजित किया गया था।

- पर्यटन मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली के लाल किले के सामने लॉन और ज्ञानपथ पर "**भारत पर्व**" का आयोजन किया। इस वर्ष यह कार्यक्रम 23-31 जनवरी, 2024 तक आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री ने दिनांक 23 जनवरी 2024 को किया था। इस विशाल आयोजन की मुख्य विशेषताओं में गणतंत्र दिवस परेड की झांकी, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों द्वारा गत्यात्मक सांस्कृतिक प्रदर्शन और विभिन्न राज्यों तथा संघ राज्यक्षेत्रों की सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां, सभी राज्यों तथा संघ राज्यक्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले फूड स्टॉल, हस्तशिल्प तथा हथकरघा प्रदर्शनी और सशस्त्र बल बैंड के प्रदर्शन शामिल हैं।

- पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से दिनांक 5 मई 2024 को जयपुर में ग्रेट इंडिया ट्रैवल के साथ-साथ **'वेड इन इंडिया' एक्सपो** का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों ने भाग लिया, जिसमें विदेशी और घरेलू वेडिंग प्लानर (विवाह योजनाकार), राज्य सरकारें, मीडिया, अंतर्राष्ट्रीय तथा घरेलू टूर ऑपरेटर और इवेंट मैनेजमेंट कंपनियां शामिल थीं।

- **"युवा टूरिज्म क्लब":** पर्यटन मंत्रालय ने बच्चों और युवाओं में भारत की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति रुचि,जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव पैदा करने के उद्देश्य से "युवा टूरिज्म क्लब" अभियान की शुरूआत की है। नवाचार, उद्यमशीलता और विविधता में भारत की युवा आबादी की एक बड़ी ताकत को ध्यान में रखते हुए, ये क्लब युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में शिक्षित और युवा मन को आकर्षित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों में अब तक 35,000 से अधिक क्लबों का गठन किया जा चुका है जिसमें पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत के लिए युवा और जिम्मेदार राजदूतों को पल्लवित और विकसित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं और गतिविधियां शुरू की गई हैं।
- **देखो अपना देश:** मंत्रालय ने जनवरी 2020 में देखो अपना देश (डी ए डी) पहल की शुरूआत की थी। मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स और वेबसाइट तथा घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों द्वारा देखो अपना देश का बड़े पैमाने पर संवर्धन किया जाता है। इस पहल के तहत मंत्रालय हितधारकों के साथ जुड़े रहने और नागरिकों को देश के भीतर यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु वेबिनार, क्विज, शपथ, चर्चाओं का आयोजन करता है।
- **एक भारत श्रेष्ठ भारत**: एक भारत श्रेष्ठ भारत के संवर्धन के लिए मंत्रालय रोड शो, परिचय यात्राएं, बी 2 बी बैठकें, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, वेबिनार जैसी विभिन्न पर्यटन संबंधी संवर्धनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता है।

*******

**अनुबंध**

श्री बीडा मस्थान राव यादव द्वारा आंध्र प्रदेश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 452 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**(I) स्वदेश दर्शन योजना:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप द्वीप- कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 | 67.83 |
| 2. | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमादुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 49.55 |
| 3. | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम- बाविकोंडा- बोज्जनकोंडा- अमरावती- अनूपु का विकास | 35.24 | 30.03 |

**(II) स्वदेश दर्शन** 2.0 **योजना**: (**करोड़ रु. में**)

| **क्र.सं.** | **गंतव्य** | **हस्तक्षेप का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | अराकू-लम्बासिंगी | अराकू में बोरा केव एक्सपीरियंस | 29.87 |

**(III) प्रशाद योजना:** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत लागत** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अमरावती में तीर्थयात्री सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 |
| 2 | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 |
| 3 | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | 13.69 |

**(IV) पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना:**

**(करोड़ रु. में)**

| **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृत की गई राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|
| **वर्ष 2017-18** | | | |
| पुट्टपर्थी, आंध्र प्रदेश में साउंड एंड लाइट शो | आईटीडीसी | 7.08 | 3.54 |
| **वर्ष 2018-19** | | | |
| विशाखापत्तनम बंदरगाह के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 38.50 | 29.91 |

*******